तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024

10 पदोन्नत हुए सहायक शिक्षक पुलस्य, ससम्मान दी गई विदाई

11 विभाजन विभीषिका दिवस पर हुई विचार ...




## खबर संक्षेप

### संत राम बालकदास 25 को चीचा में



**अंडा।** राष्ट्रीय संत राम बालकदास जी महराज तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में 25 अगस्त रविवार को ग्राम चीचा वृन्दावन (अर्जुन्दा) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे महा आरती मेंशामिल होंगे। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश देशमुख भी विशेष रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर महाआरती पर चीचा के प्रत्येक घरों में रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार साहू ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### प्लेसमेंट कैंप 23 तक

**बालोद।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 21 से 23 अगस्त तक सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत जनपद पंचायत डौण्डी में 21 अगस्त, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में 22 अगस्त तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 23 अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत महिला एवं पुरुष सिक्यूरिटी गार्ड की भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। पुलिस ने शासकीय आईटीआई के पीछे जुआ खेलते हुए शहर के पांच जुआड़ियों को 3200 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया है। बालोद पुलिस ने बताया कि शहर के देवेन्द्र कुमार ढीमर, शिशुपाल साहू, प्रमोद रात्रे, इमरान खान व सुमीत तीनों रूपयों का दांव लगाकर ताश खेल रहे थे, जिनके विरूद्ध जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### जैन समाज ने की नपं अध्यक्ष हीरा की गिरफ्तारी की मांग



**डोंडी।** जैन समाज के सदस्यों ने तहसीलदार हिंसा राम नायक को एसडीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि 21 अगस्त को प्रातः 9.00 बजे के आस पास एसटीएससी द्वारा आयोजित भारत बंद के दौरान डोंगरगांव नगर में नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा खुले हुए दुकानों में जाकर धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से नगर पंचायत के अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा जैन समाज के देवताओं एवं पारंपरिक त्यौहारों पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। इसका श्री स्थानक वासी जैन श्री संघ डौंडी द्वारा भी समर्थन किया जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अभद्र टिप्पणी से सकल जैन समाज आक्रोशित एवं आहत है। इसके साथ ही तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर पूरे प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलडिया,उत्तम लोढ़ा, पूनम कोठारी, राजेंद्र पिन्टू नाहर, मांगी लाल जैन, लाल चंद सांचेती, संतोष ढेलडिया, सोनू बाघमार, तरुण अजय बाघमार, रुपेश ढेलडिया, तेजस जैन सहित समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विरोध : पूरी तरह बंद रहीं दुकानें, धरना-प्रदर्शन के कारण यातायात भी बाधित

# मुख्यालय सहित जिलेभर में दिखा बंद का व्यापक असर, जगह-जगह विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद सहित पूरे जिलेभर में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण में वर्गीकरण एवं क्रीमीलेयर संबंधी निर्णय को लेकर भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जहाँ सर्व समाज के समर्थन में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी। वहीं कुछ दुकानें जो खुली थीं, उन्हें भी शांति पूर्ण तरीके से बंद कराया गया।

दरअसल देश में एसटी, एससी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्गीकरण एवं क्रीमी लेयर संबंधी निर्णय को अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा असंवैधानिक बताया जा रहा है। इसके कारण इसका विरोध भी लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालोद शहर में भी बड़ी संख्या में आदिवासियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से घड़ी चौक, सदर मार्ग, मधु चौक, जय स्तम्भ चौक में रैली के माध्यम से भारत बंद का आह्वान किया और वर्गीकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में सभा ली गई। समाज के लोगों ने राजस्व अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला। इसके कारण बस स्टाप, बालोद सदर, बुधवारी बाजार सहित पूरे बालोद शहर में दुकानें बंद रहीं। बस यात्रियों को दुर्ग से बालोद आवागमन करने के लिए एक दो यात्री बस की सुविधा मिल रही थी, लेकिन बस स्टैंड में आने के बाद यात्रियों को निजी वाहनों के माध्यम से आना जाना पड़ रहा था, क्योंकि आगे कि अन्य रुटों पर धरना प्रदर्शन कर आवागमन बाधित किया गया था। इसलिए बसों का जमावड़ा बस स्टैंड में देखने को मिला। हालांकि इस दौरान पेट्रोल पम्प, मेडिकल स्टोर जैसी आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध रहीं।




### समाज के अधिकार पर खुले आम डाका

गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का जो फैसला आया है, जिसमें एसटी, एससी के आरक्षण में आरक्षण के अंदर आरक्षण का विरोध और क्रिमी लेयर लागू करने की मांग और राष्ट्रीय जनगणना 2021 को त्वरित करने और ओबीसी वर्ग से क्रीमी लेयर की बाध्यता हटाने और आरक्षण की मांग को लेकर गोंडवाना समाज रोड की लड़ाई हमेशा लड़ती रहेगी। हमर राज पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र साहू ने भारत सरकार से आग्रह किया कि कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के इस डायरेक्शन को रद्द करें। यह आदेश एसटी, एससी और ओबीसी समाज के हक और अधिकार पर खुले आम डाका है और बाबा साहेब के संविधान के साथ दुर्भावना से ग्रसित होकर दिया गया डायरेक्शन है। यदि सरकार ने कानून बनाकर इस डायरेक्शन को रद्द नहीं किया तो हमर राज पार्टी सड़क पर उतरकर और पुरजोर ताकत से आंदोलन करेगी।

गुरूर विकासखंड मुख्यालय में आंशिक रहा बंद का असर

## कुछ लोगों ने की जबरन दुकान बंद कराने की कोशिश, पुलिस ने रोका

**गुरूर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण पर दिए गए निर्णय को वापस लेने की मांग को लेकर सर्व समाज द्वारा घोषित भारत बंद का असर नगर में आंशिक रहा। विकासखंड के सभी स्थलों में आमजन जीवन सामान्य रहा। नगर में बंद के दौरान चक्काजाम करने का प्रयास किया गया, वहीं एक ग्रुप द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस प्रशासन ने नियंत्रित कर लिया।




नगर की बहुसंख्यक दुकान खुली रहीं। जन जीवन आम दिनों की तरह चलता रहा। धरना स्थल के आस पास की भी गई कई दुकानें भी दिन भर खुली रही। आंदोलन दिन भर शांतिपूर्ण चलता रहा। धरना के बाद निकली रैली के दौरान कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। धनेली चौक पर चक्काजाम करने का प्रयास किया गया, वहां से रैली जब वापस सभा स्थल आ रही थी उस दौरान भी नगर की बहुसंख्यक दुकानें खुली थी, जिसे रैली में सम्मिलित एक समूह द्वारा जबरन बंद करने का प्रयास किया गया। वहीं एक दुकान में तो कुछ लोग अंदर तक घुस आए एवं जबरदस्ती सामानों को अंदर कर बंद करने का प्रयास करने लगे। माहौल बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन हरकत में आई एवं उन्हें दुकानों से बाहर निकाला गया। वहीं, आयोजकों का एक समूह भी जबरदस्ती बंद करने के प्रयास करने वालों को समझाते दिखा, जिससे आयोजकों में ही विवाद की स्थिति निर्मित हो गई एवं रैली के दौरान भी सड़क में वह आपस में बहस करते दिखे।

## पांच घंटे जाम रहा राष्ट्रीय राजमार्ग



**कुसुमकसा।** सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक के तत्वावधान में कुसुमकसा बालोद तिराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर 46 ग्राम के हजारों की संख्या में महिला पुरूष ब युवाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। उसके बाद धरनास्थल से रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड चौक, दुर्गा मंदिर चौक कोठारी होते हुए वापस धरना स्थल पहुंची। वहां सामाजिक पदाधिकारियों ने 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के आरक्षण के कोटे पर कोटा(उपवर्गीकरण) एवं ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर की बाध्यता को खत्म किए जाने के फैसले के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उक्त फैसले से होने वाले दुष्परिणाम बताए। सभा को मोहन ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक, छत्तर सिंह कोमा ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज कुसुमकसा ब्लॉक, मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, राजेश चुरेंद्र जनपद सदस्य, तुलसी मरकाम, राजाराम तारम ने संबोधित किया। वहीं उक्त धरना प्रदर्शन में अनिला भेड़िया विधायक डोंडी लोहारा व चंद्रप्रभा सुधाकर ने भी सभा को संबोधित किया। उसके बाद अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज ब्लॉक कुसुमकसा ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (दल्लीराजहरा) के नाम दीपक चंद्राकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आरक्षित कोटे के अंतर्गत कोटा अर्थात आरक्षित वर्ग के अंदर क्रीमीलेयर एवं वर्गीकरण निर्धारित ▶▶| शेष पेज 10 पर

- कुसुमकसा बालोद तिराहे पर सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने किया चक्काजाम

## विधायक अनिला का जमकर विरोध, बिना भाषण दिए लौटीं

**डौंडी।** आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डोंडी में भारत बंद का बड़ा असर देखने को मिला। सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे एसटी, एससी व ओबीसी समुदाय के लोगों ने सड़क जाम कर दिया और दुकानों को बंद कराया। बंद के दौरान ब्लॉक मुख्यालय डौंडी में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गईं।

मथाई चौक पर लगभग 10 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया। समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार हिंसा राम नायक को सौंपा। इस बीच कार्यक्रम में पहुंची स्थानीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अनिला भेड़िया द्वारा सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी पर टिप्पणी करने से आक्रोशित समाज के लोगों ने उनका जमकर विरोध किया। लोगों ने कहा कि पिछले साल में सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले डांडी विकासखंड के ग्रामीण अंचल की व्याप्त समस्याओं तथा जिला खनिज न्यास मद से करोड़ों रुपयों के प्रशिक्षण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन व चक्काजाम किया गया, तब आपने समाज का साथ नहीं दिया और आज आ गई हैं। समाज के वरिष्ठ जनों ने युवाओं को समझाने का प्रयास किया। युवाओं और विधायक के बीच तीखी नोकझोंक होती रही। उधर, विवाद के बीच विधायक को बिना संबोधित किए मंच से वापस जाना पड़ा।




कार्यक्रम में गंगाराम दरो जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, मिथलेश नुरूटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद,मोहन हिड़को अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डौंडी, हरमित लेनपान्डे ब्लॉक सचिव बौद्ध समाज, खोरबाहरा गौर ब्लॉक अध्यक्ष हल्बा समाज डौंडी, आत्माराम कौर अध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज डौंडी ब्लॉक, भोलाराम नेताम सलाहकार डौंडी ब्लॉक, रोहित माहला युवा अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डौंडी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला कोरगुड़ा में छत का प्लास्टर गिरने का मामला

# प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक व सहायक शिक्षक एलबी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया कि जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला कोरगुड़ा में स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से शाला के 04 बच्चों के चोटिल होने की सूचना प्राप्त हुई। घटना के बाद प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कोरगुड़ा तुलसी देवी गोयल तथा संकुल समन्वयक संकुल केन्द्र दुधली शवंत निर्मलकर, सहायक शिक्षक एल.बी. प्राथमिक शाला रेंघई को निलंबित कर दिया गया है।

- जिला शिक्षा अधिकारी मरकले ने की तत्काल कार्रवाई

पीसी मरकले ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त होते ही शाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि शाला के मूल भवन का एक कमरा बच्चों के बैठने योग्य नहीं है। शाला में तीन अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संकुल केन्द्र दुधली के संकुल समन्वयक द्वारा 29 जुलाई 2024 को प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उनके द्वारा संकुल केन्द्र दुधली के समस्त शालाओं का मौके पर निरीक्षण कर सभी शालाओं की स्थिति ठीक होना प्रतिवेदित किया गया है। उन्होंने बताया कि संकुल केन्द्र के संकुल समन्वयक द्वारा संकुल अंतर्गत संचालित संस्थाओं का सतत रूप से निरीक्षण नहीं किया जाना प्रतीत होता है, जो उनकी शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा उदासीनता को प्रदर्शित करता है। इनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रंण एवं अपील) नियम 1966 में निहित प्रावधानों के तहत यशवंत निर्मलकर, सहायक शिक्षक एल.बी. प्राथमिक शाला रेंघई (संकुल समन्वयक संकुल केन्द्र दुधली) विकासखंड डौण्डीलोहारा जिला बालोद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि मे इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद नियत किया जाता है।

इसी प्रकार संस्था के प्रधान पाठक द्वारा उच्च कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों की अवहेलना की गई है जो उनके शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा उदासीनता को प्रदर्शित करता है। इनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रंण एवं अपील) नियम 1966 में निहित प्रावधानों के तहत तुलसी देवी गोयल, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कोरगुड़ा विकासखंड डौण्डीलोहारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा नियत किया गया है।

### किसी भी स्थिति में बच्चों को असुरक्षित भवन में नहीं बैठाना है

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा द्वारा शाला प्रमुखों को निर्देशित किया गया था कि बच्चों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित भवन में नहीं बैठाना है। उन्हें सुरक्षित कक्ष में ही अध्यापन कराया जाए। इस संबंध में शाला के प्रधान पाठक द्वारा 25 जुलाई 2024 को प्रमाण पत्र दिया गया है कि किसी भी जर्जर या टपकने वाली जगह में बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा है। पुराना मूल भवन बंद कर दिया गया है। वर्तमान में उपयोग में लाई जा रही कक्षाएं अच्छी अवस्था में हैं। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को नवीन अतिरिक्त कक्ष में न बैठाया जाकर पुराने भवन में ही अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। नवीन अतिरिक्त कमरे को प्रधान पाठक द्वारा अपने कार्यालय के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है।

### बर्थ डे मनाने गए युवक ने दोस्त पर चलाया कटर

**भिलाई।** बर्थ डे मनाने कार से निकले युवक को कटर से वार करने का मामला सामने आया है। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देने वाला युवक मौके से फरार है। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार की आधी रात को तीन बस्ती चौक डॉक्टर दुकान के पास सौरभ साहू और राहुल वैद्य कार से बर्थडे मनाने आए थे। सौरभ ने चौक से तीन और युवकों को कार में बिठाया। कुछ दूर पहुंचे ही थे कि एक अन्य युवक को उल्टी होने लगी। इस बीच सौरभ ने राहुल के गले पर कटर से वार कर दिया। कार में बैठे अन्य युवको ने तुरंत सौरभ साहू को हटाया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### लंबी अनुपस्थिति के कारण सहायक ग्रेड 3 को पद से हटाया

**बालोद।** अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के तहसील कार्यालय डौण्डीलोहारा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 आचिका बसौना को उनके पद से हटा दिया है। श्री कौशिक ने बताया कि 1 दिसम्बर 2020 से 3 वर्ष 05 माह से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा उनके विरूद्ध प्रकरण की विभागीय जाँच में अनाधिकृत अनुपस्थिति का आरोप प्रमाणित पाए जाने के फलस्वरूप उनके विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 10(8) के तहत सेवा से पदच्युत की शास्ति अधिरोपित किया जाता है।

### शाला विकास व प्रबंधन समिति हल्दी के अध्यक्ष बने हरदेव

**गुण्डरदेही।** शासकीय हाई स्कूल हल्दी में शाला विकास व प्रबंधन समिति के हरदेव लाल सार्वा नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए। बालोद जिला प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित जनप्रतिनिधि हरदेव लाल सार्वा को शाला प्रबंधन व विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि सार्वा इसके पहले संकुल के प्रथम अध्यक्ष व शाला विकास समिति के सदस्य भी रहे। उनकी नियुक्ति पर जीवन लाल साहू, देव कुमार, कुमेश सेन, कमलेश ड़डसेना, टीकाराम सांवरे, सियाराम, प्रहलाद ठाकुर, नरेंद्र निर्मलकर, सुनील साहू, दीनबंधु गजेन्द्र व क्षेत्रवासियो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आंबा कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 29 तक

**बालोद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों के मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर जारी सूची में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर 29 अगस्त तक कार्यालयीन समय 10 बजे से 5.30 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गुंडरदेही में दावा आपत्ति प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दावा आपत्ति का अवलोकन परियोजना कार्यालय, जनपद पंचायत, खंड शिक्षा कार्यालय, खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायतों में कर सकते हैं।

### फिर चाकूबाजी, युवक और युवती घायल

**भिलाई।** मोबाइल छिना झपटी को लेकर विवाद के बाद दो युवकों ने युवती और युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद दोनो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना कतोवाली दुर्ग थाना क्षेत्र का है।

## पेज 9 का शेष

### पांच घंटे जाम ...

कर आरक्षन प्रदान करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर कुसुमकसा के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर तीन बजे तक पूरी तरह बंद रहे। इस दौरान शासकीय देशी व अंग्रेजी शराब दुकान भी बंद रहे। वहीं, शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों की छुट्टी करा दी गई। कुसुमकसा बालोद तिराहे पर लगभग 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चक्काजाम रहा। इसके कारण सड़क के तीनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस बीच शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चित्रा वर्मा सीएसपी राजहरा, सुनील तिर्की थाना प्रभारी राजहरा सदलबल उपस्थित थे। उक्त धरना प्रदर्शन में मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, राजेश चुरेंद्र जनपद सदस्य, राजाराम ताराम जनपद सदस्य, मोहन ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक, छत्तर सिंह कोमा ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज कुसुमकसा ब्लॉक, उदेराम सिवना, तिहार सिंह तारम, धरमसिंह पिस्दा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किया गया ध्वजारोहण







जामगांव आर। क्षेत्र में नव मनोनित प्रतिनिधियों तथा सरपंच उप सरपंच सहित समाजसेवियों ने विविध स्थानों पर ध्वजारोहण किया।

आयोजन : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से किया गया आयोजन

# सेजेस अरमरीकला में विद्यार्थियों ने लगाए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

सेजेस अरमरीकला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों व शाला के छात्र–छात्राओं के द्वारा नियमित गतिविधियों के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पर लगभग 125 पेड़ों पौधारोपण किया गया। साथ ही रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व में लगाए गए प्रत्येक पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर हर पौधों के संवर्धन संरक्षण करने व उनके फूलने–फैलने तथा बड़े होने तक पेड़ों को बचाने व संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

इस अभिनव प्रयास व कार्य के लिए छात्र–छात्राओं ने बहुत ही जोश के साथ अपनी सहभागिता निभाई इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एएस कौशिक, वरिष्ठ व्याख्याता जीआर साहू, सीआर, पीएल साहू व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डीएम साहू, सहायक अधिकारी एम निशा द्वारा पर्यावरण व



पेड़ों को बचाने के लिए छात्र–छात्राओं के इस कार्य के लिए सराहना कर प्रेरित किया व कहा कि वृक्ष है तो हम हैं तथा हम सभी का जीवन पेड़ों से ही सुरक्षित है, इसलिए इनका संवर्धन संरक्षण बहुत ही आवश्यक है।

### शिक्षकों का रहा मार्गदर्शन

इस अभियान में विद्यालय के शिक्षक एमके सेन, एनके साहू, पी देशलहरा, वेमन चंद्राकर, डीके ठाकुर, सीएल देवांगन तथा शिक्षिकाएं कविता ताम्रकार एच मांडवकर, ममता साहू, नीता चंद्रिका पुरे व संस्था के प्राचार्य एएस कौशिक का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। जिनके दिशा निर्देशन में यह वृहद संकल्प कार्य का आयोजन किया गया। बच्चों के इस अभिनव कार्य व संकल्प के लिए प्रशंसा भी की। इस कार्य के लिए छात्र संघ के पदाधिकारी व सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायक व उप दल नायक व यमन साहू व प्रियंका साहू, शाला नायक धनंजय साहू, उपशाला नायक, अनुष्का साहू, भृत्य शिवकुमार व भीम यादव व विद्यालय के अध्यनरत विद्याथएँ अदिति, भवानी, रोशनी सीमा, लक्ष्मी, वंदना, पूजा, प्रियंका, हेमपुष्पा, रामावतार, टीकम चौतन्य, राजकुमार, प्रमोद, लक्ष्मीकांत सोमेश, ओम शंकर का सक्रिय सहभागिता भी रहा।

# पदोन्नत हुए सहायक शिक्षक पुलस्य को ससम्मान दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

गातापार सहायक शिक्षक पुलस्य कुमार साहू पदोन्नति प्राप्त कर बेलहारी शासकीय प्राथमिक शाला में हेडमास्टर बनने पर विदाई समारोह आयोजित कर बिदाई दी गई।

इस मौके पर उपस्थित सरपंच होरीलाल साहू व अध्यक्ष रेवाराम साहू ने पदोन्नत शिक्षक के कार्य व्यवहार की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पदोन्नत शिक्षक श्पुलस्त्य कुमार साहू ने विद्यालय परिवार, बच्चों, पालकों सहित समस्त ग्रामवासी गातापार को सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नोमेश साहू तथा आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम ने किया। इस अवसर पर पदोन्नत शिक्षक के परिवार द्वारा नेवता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई।

कार्यक्रम में सरपंच होरीलाल साहू, अध्यक्ष रेवाराम साहू, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर देवांगन, पदोन्नत शिक्षक एवं परिवार, प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम, सांसद प्रतिनिधि टेसराम साहू, उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू, पंच कार्तिक राम साहू, नरेंद्र साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता साहू, सुनीता साहू, शिक्षक एमन साहू, चलेश साहू, शिक्षिका पायल साहू, जागृति अग्रवाल, देवेंद्र साहू, अंबिका साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं पालक उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला झोफरा के प्रधान पाठक गौरसिंह सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में स्वतंत्रता दिवस के दिन शाला के प्रधान पाठक गौरसिंह निर्मल को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने श्री निर्मल को प्रतीक चिन्ह अभिनंदन पत्र और एक आलमीरा भेंट कर सम्मानित किया। प्रधान पाठक को विदाई देने के लिए




संकुल के शिक्षक व झोफरा किलेपार के ग्रामीण भी उपस्थित थे। उन्होंने श्री निर्मल को शॉल, श्रीफल, कपड़े, गिफ्ट, पेन डायरी, व पौधा देकर विदाई दी।

इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गांव के यादव बंधुओं ने सु–मधुर बांसगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के बाद सभी ग्रामीण श्री निर्मल को ससम्मान छोड़ने उनके निवास स्थान ग्राम खुटेरी भट गए। कार्यक्रम का संचालन ओंकार करसाल व आभार शिक्षक महतो ने किया।

# राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चुने गए जु जित्सू के खिलाड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद के हृदय स्थल में स्थित संस्कार शाला स्कूल के हॉल में जु जित्सू जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय ट्रायल में बालोद जिले के वनांचल ब्लॉक डोंडी, गुरुर, निपानी, गुण्डरदेही और बालोद से लगभग 100 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस जिला सतरीय ट्रायल में नेवाजा, फाइटिंग सिस्टम, और कॉन्टैक्ट इवेंट के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024–25 के लिए किया गया। ट्रायल के मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार के भूतपूर्व सदस्य यशवंत जैन थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जू जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी ने की।

# बुनकरों की बुनाई मजदूरी में 20 प्रतिशत की हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

10वां राष्ट्रीय शंभकरपा दिवस पर प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुनकर परिवार का

■ उद्योग मंत्री लखनलाल ने दी जानकारी

कार्यक्रम बुनकर प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रदेशभर के बुनकर उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक महेश देवांगन का योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल




देवांगन, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप व समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन के महामंत्री ने मां के नाम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुनकरों की बुनाई मजदूरी में 20 प्रतिशत वृद्धि की एवं अगस्त से ही लागू करने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मुख्यमंत्री द्वारा बुनकरों की मजदूरी में वृद्धि किए जाने पर बुनकरों को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक पुरूषोत्तम देवांगन, कमल देवांगन, छ.ग देवांगन समाज प्रदीप देवांगन, पदुम देवांगन, अरूण देवांगन, सुरेन्द्र करनी, भाजपा पदाधिकारी, प्रदेश बुनकर पकोष्ठ के पदाधिकारी एवं प्रदेश के बुनकर उपस्थित थे।

# शुष्क दिवस पर कई स्थानों पर छापे, 15 लीटर देशी शराब जब्त

**बालोद।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 15 अगस्त को 18 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना गुरूर, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा, थाना डौण्डी, थाना गुण्डरदेही के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर शुष्क दिवस के अवसर पर कुल 14.63 लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त की गई। इसकी कीमत 7 हजार 318 रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह अप्रैल से 15 अगस्त तक अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थलों सहित कुल 604 जगहों पर छापामार कार्रवाई कर कुल 318 अपराधिक प्रकरण कायम किए गए। इनमें कुल 393.22 लीटर अवैध शराब, 650 किलोग्राम लाहन एवं 01 दोपहिया वाहन जब्त किया गया।

इनकी कुल कीमत 2 लाख 42 हजार 352 रुपये है। इसके साथ ही मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 28 विभागीय प्रकरण कायम किए गए हैं।

ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन रायपुर श्रोता का आयोजन

# रेडियो श्रोता दिवस पर जुटे पर श्रोतावृंद, साझा किया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेडिया श्रोता दिवस को यादगार बनाने मंगलवार को ओल्ड लिस्नर ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन की ओर से राजधानी के सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ दूरदर्शन और आकाशवाणी से जुड़े अधिकारी हुए शामिल

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक बजाज आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकशवाणी रायपुर के पूर्व सहायक केन्द्र निर्देशक लखनलाल भौर्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में दूरदर्शन रायपुर के अधिकारी संतोष कुमार देवहरे, रामाधार पटेल उपस्थित रहे। रेडियो श्रोता दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ के अलाव




शहडोल, मलाजखंड, बालाघाट से श्रोतावृंद कार्यक्रम का आनंद उठाने सभागार में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंपेश्वर गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में आयोजन संस्था के मुख्य संरक्षक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, संस्था के अध्यक्ष और रेडियो के जाने-माने श्रोता मोहनलाल देवांगन, किरण सिंह, अन्नपूर्णा शर्मा, मीरा दीवान विशेष रूप से श्रोताओं का उत्साहवर्धन करने उपस्थित रहीं। इस मौके पर सुरीले गीतों की सुंदर प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बनाने चुनिंदा गायकों को मौका मिला। जिन्होंने बारी-बारी से एक से बढ़कर एक कर्णप्रिय गीत सुनाकर आमंत्रित श्रोताओं को भावविभोर किया। बाहर से आये श्रोताओं को सम्मान पत्र और फूलों की माला पहनाकर ओल्ड लिस्नर ग्रुप के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन और उनकी टीम ने स्वागत किया। इसके अलावा 5 राज्यों को अवार्ड दिया गया। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलगांना, बिहार, छत्तीसगढ़ राज्य शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में झावेंद्र कुमार ध्रुव, रतन जैन, अनिल तिवारी, एसपी गोस्वामी, योगेश चांडक, ललित कुमार साहू, मुन्नालाल पटले, धुरवाराम साहू, संतोष चंद्र, शशिकांत यादव मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन ग्रुप के अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने व्यक्त किया।

# शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन मिले



**बालोद।** नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 वार्ड के निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण आयोजित समस्या निवारण शिविर में लोक निर्माण विभाग के 63 तथा राजस्व विभाग के 101, स्वच्छता विभाग के 08, आवास विभाग के 03 सहित अन्य विभाग के कुल 179 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए।

## खबर संक्षेप



### सीईओ ने लाईवलीहुड किया कॉलेज का निरीक्षण

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय बालोद स्थित लाईवलीहुड कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद नियोजन के लिए साक्षात्कार से संबंधित टिप्स भी दिए। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रशिक्षकों से कहा कि वे प्रशिक्षणार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दें तथा प्रशिक्षण उपरांत उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन भी प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षु पुस्तिका भी प्रदान की गई। इस अवसर पर लाईवलीहुड कॉलेज बालोद की प्रभारी अधिकारी यामिनी ठाकुर मौजूद थीं।

### कलेक्टर ने सोसायटी और आयुर्वेद औषधालय का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने दुर्ग जिले के सीमा एवं जिले के अंतिम छोर में स्थित गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भिलाई में पहुँचकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों के कुल राशन कार्ड, नवीनीकृत राशनकार्डों की संख्या तथा खाद्यान वितरण आदि के संबंध में मौके पर उपस्थित खाद्य निरीक्षक एवं विक्रेता से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि राशन प्राप्त करने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्राम भिलाई के शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी कक्ष, योगा शेड आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की मांग पर अस्पताल परिसर में बांउड्री वॉल निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया।

### जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने किया विकासकार्यों का निरीक्षण

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कनेरी पहुँचकर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। डॉ. कन्नौजे ने प्रस्तावित मॉडल अमृत सरोवर, लखपति दीदी योजना और जनपद कार्यालय के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कनेरी में कंकालिन मंदिर के समीप तालाब को मॉडल अमृत सरोवर चिन्हांकित किया। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने जनपद सीईओ और एसडीओ आरईएस को योजना अंतर्गत चल रहे कार्य को समय–सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने लखपति दीदी योजना के तहत अर्पणा महिला स्व. सहायता समूह, जय महालक्ष्मी स्व. सहायता समुह के महिलाओं से चर्चा की। सीईओ ने जनपद कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों को कार्यालयीन दस्तावेजो एवं निर्माण कार्यो के नस्ती को व्यवस्थित तरीके से रखने एवं कार्यालय की स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

## भाषण में किरण और राखी बनाओ स्पर्धा में साधना प्रथम



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में भारत की सांस्कृतिक विविधता में जनजाति की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने अपने भाषण में भारतीय विविधता में जनजातीय संस्कृति के महत्व व उनके विशेषीकृत संस्कृति, रहन–सहन एवं खान–पान से अवगत कराते हुए समाज में उनके महत्व को समझाया। प्रतियोगिता में यादराम, धनेश्वर, चंदन कुमार, किरण साहू और चंचल ने जनजातीय महत्व के बारे में अपने विचार अभिव्यक्त किए जिसमें किरण बीएससी. द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रही।

साथ ही राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने धान, चावल, शक्कर, मक्का एवं पत्ते जैसे प्राकृतिक सामग्रियों का प्रयोग कर राखी बनाई। प्रतियोगिता में साधना बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान और नारायणी बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केडी.चावले ने छात्र–छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

भारतीय जनता पार्टी ने कुर्मी भवन बालोद में किया आयोजन

# विभाजन विभीषिका दिवस पर हुई विचार गोष्ठी, निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद






14 अगस्त 1947 को देश में हुए विभाजन की विभीषिका को लेकर कुर्मी भवन बालोद में विचार गोष्ठी एवं मौन जुलूस के साथ मशाल यात्रा आयोजित की गई मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव थे। प्रस्तावना संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि 77 वर्ष पूर्व हुए आजादी के मिठास पर विष घोलते विभाजन के दंश को वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को सचेत होना होगा।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कि देश में 20 वर्ष भाजपा के शासन एवं 58 वर्ष कांग्रेस ने देश में राज किया, किंतु विभाजन की विभीषिका को कांग्रेस ने याद नहीं किया, सीधा अर्थ है कांग्रेस के नेतृत्व में विभाजन हुआ इसकी पूर्ण दोषी कांग्रेस की नीतियां रही। विभाजन मे देश मे 20 लाख हत्या, 1 करोड़ 40 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही घटनाएं तुष्टिकरण की राजनीति को प्रदर्शित करती हैं।

विचार गोष्ठी के बाद लोगों ने नगर में मशाल लेकर मौन जुलूस निकाला और जय स्तंभ घड़ी चौक पर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर देवलाल ठाकुर, कृष्णकांत पवार, प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश छोटू यादव, त्रिलोकी साहू, नरेश यदु, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, जयेश ठाकुर, कौशल साहू, रमन टुवानी, लक्ष्मी चंद लुनिवाल, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, संध्या साहू, सुरेंद्र देशमुख, संध्या अर्जेंद्र साहू, दुर्गानंद साहू, पालक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारत स्काउट्स-गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त बने राकेश



**बालोद।** जन सेवक राकेश यादव को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने राकेश यादव को जिला बालोद स्काउट गाइड संघ का मुख्य आयुक्त नियुक्त किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के सदस्यों ने राकेश यादव को उनके घर पहुंच बधाई दी।इस दौरान सीनियर रोवर लीडर नेमसिंह साहू, डीईओ पीसी. मरकले, जिला सचिव केएल गजेंद्र, जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, जिला सदस्य मिलान सिन्हा, कमला वर्मा, वाय. गांगुली, विकास खण्ड सचिव गुरुर डीडी साहू, रूपेंद्र सिन्हा, छगन बंसोड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में कार सवार 4 घायल

**गुण्डरदेही।** खुटेरी नाला के पास दुर्ग बालोद मुख्य मार्ग पर गुरुवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार चार लोगों को गंभीर चोट आई है, जिसमे एक बच्चा भी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर एक बजे कार क्रमांक सीजी 24 आर 5799 दुर्ग से दल्ली राजहरा जा रही थी। इस बीच खुटेरी नाला के पास कार चालक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

## घनश्याम सिंह गुप्त कालेज में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद






शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में विधि विभाग के द्वारा दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव श्वेता गौर उपाध्याय एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीनियर अधिवक्ता अशोक कश्यप तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. एचएल मानकर ने की। स्वागत संबोधन विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. राधवेश पांडेय ने दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. एचएल मानकर ने कहा कि विधि जो है वह एक नियम है और विशेष कर प्रत्येक विधि के छात्रें को नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम को सीनियर अधिवक्ता अशोक कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि विधि के छात्रों को यहां अवसर मिलता है कि वह जज या वकील बन सकता है। विधि के सहायक प्राध्यापिका स्वाति वैष्णव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विधि के छात्र प्रशांत पवार ने किया। कार्यक्रम में विधि के सहायक प्राध्यापक डॉ.जेके पटेल तथा अतिथि व्याख्याता पूनम चंद गुप्ता एवं सुब्रत मंडल और विधि के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# कोई भी पात्र परिवार पीएम आवास योजना से वंचित न रहे : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद



जिपं सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में पूर्णता के लिए शेष कुल 1133 आवासों की जनपद पंचायतवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में तृतीय किश्त प्राप्त कुल 293 आवासों को शत–प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य तथा प्रथम किश्त प्राप्त कुल 206 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त 602 आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण कर जियो टैगिंग उपरांत आगामी किश्तों की राशि प्रदान करने लक्ष्य आबंटित किया गया है। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों का ग्रामसभा में अनुमोदन के बाद आवश्यक दस्तावेज जनपद पंचायत में संग्रह करने दिशा–निर्देश दिए। इसी तरह वर्ष 2016–23 तक शेष बचे आवासों को 30 सितम्बर 2024 तक शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने तथा योजनान्तर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची के परिवारों में से भूमिहीन परिवारों का चिन्हांकन कर संबंधितों को भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आवास स्वीकृति के लिए आधार कार्ड एवं ई–केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए जिनके आधार कार्ड उपलब्ध न हों, तो तत्काल आधार कार्ड तैयार करवाएं। उन्होंने सभी संबंधित सचिव, रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र परिवार, हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में कई विषयों पर चर्चा





**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अमीन पटवारी जल संसाधन विभाग चेतन लाल साहू थे। विशेष अतिथि स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक गौरव पटनायक, डीबी यू की शाखा प्रबंधक ममता नेताम, फील्ड ऑफिसर लखनलाल गौड़, तथा सेवानिवृत्ति व्याख्याता सोमन लाल साहू उपस्थित थे। बैंक अधिकारियों ने पेंशनरों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। इसके साथ ही बैंकिंग फ्राड से बचने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

अध्यक्ष ने प्रांतीय स्तर पर राज्य सरकार के कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय 4 प्रतिशत डीए एवं मध्य प्रदेश पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49 को विलोपित करने संबंधी प्रयासों पर जानकारी दी गई। अंत में वरिष्ठ पेंशनर धरम दास साहू के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## सशिमं जामगांव आर में संस्कारित शिक्षा जीवनदायनी पर हुआ व्याख्यान





**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में संस्कारित शिक्षा जीवनदायनी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रादेशिक परीक्षा संयोजक भानुप्रकाश सोनी एवं सह वक्ता संस्थान के दुर्ग राजनांदगांव विभाग समन्वयक दीपक सोनी थे। इस अवसर पर व्यवस्थापक एके जैन, प्राचार्य पीएल बारले सहित आचार्य दीदियों उपस्थित थे। संस्थान के इन प्रतिनिधियों ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल प्रवास कर समिति सदस्यों से चर्चा कर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता भानूप्रकाश सोनी, सह वक्ता दीपक सोनी ने संबोधित किया। व्याख्यान में प्राचार्य पीएल बारले, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, निहारिका धीवर, परमेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, सुनीता सेन, तृप्ति चंद्राकर, रोशनी साहू, चंद्रिका यादव, तेजेश्वरी साहू, कुसुमलता, हीना साहू, कृतिका साहू, ममता साहू उपस्थित थे।

पंद्रहवीं पुण्यतिथि

जन्मतिथि
13.03.1955

स्वर्गवास
22/08/2010




स्व. मदन लाल साहू
(विधायक, संजारी-बालोद)

रहने को सदा, दुनिया में आता नहीं कोई।
आप जैसे गये, ऐसे भी जाता नहीं कोई।।

आज ही के दिन एक सरल एवं प्रभावी व्यक्तित्व वाले इंसान ने इस दुनिया से विदा ली थी, वो हमेशा से ही हमारे आदर्श रहे हैं, आज उनकी पुण्यस्मरण तिथि पर हम उस अविस्मरनीय इंसान को याद करते हुए उनके जनहित के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते है।



आज 22 अगस्त 2024 को
पंद्रहवीं पुण्यतिथि पर
हम श्रद्धा-सुमन
अर्पित करते है।



श्रीमति कुमारी मदन साहू
पूर्व विधायक, बालोद

नरेश मदन साहू
जिला मंत्री, भाजपा, बालोद

एवं समस्त साहू परिवार, ग्राम अरमरीकला, तह. गुरुर, जिला-बालोद

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ओम शिव मानस मंडली फरदडीह ने दी रामायण की प्रस्तुति

**डौंडीलोहारा।** सावन माह में विगत 2008 से ओम शिव मानस मंडली फरदडीह के द्वारा प्रतिदिन रामायण की पांच चौपाई मधुर संगीत एवं व्याख्यान के साथ जन मानस को राम रस का रसपान कराते हैं। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष मुकेश आरदा ने बताया कि समापन दिवस पर शिव पार्वती विवाह की कथा व्याख्याकार एनएल आर्य ने बड़े ही सुन्दर और सरल ढंग से लोगों को समझाया। अंत में समिति के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष सुमन जांगड़े, गायक गेमन कौशल, सचिव नेतराम यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत देवांगन, चंद्रदेव, अमरूद,लतेल पोंगरा अमन देवांगन का सहयोग रहा। यह जानकारी मुकेश आरदा भारत स्वाभिमान न्यास जिला अध्यक्ष ने दी।

### खुटेरी खेरुद में हुई विकासखंड शालेय एथलेटिक्स क्रीडा स्पर्धा



**गुण्डरदेही/सिकोसा।** ग्राम खुटेरी खेरुद में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के तत्वाधान में आयोजित विकासखंड शालेय एथलेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निशाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांवों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है, खेल जीवन का अभिन्न अंग खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा संतु राम पटेल, प्रभारी प्राचार्य श्वेता पांडेय, बी.ई.ओ नवीन यादव, सरपंच पुष्पा कौमार्य, अध्यक्ष शाला प्रबंधन गोविंद कुमार टेमरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिकोसा उत्तम कुमार ठाकुर, जोन अध्यक्ष रूपचंद जैन के सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### संकरी सड़कों पर वाहन पार्किंग ने बढ़ाई समस्या



**बालोद।** शहर के कई छोटी सड़कों पर दुकानदारों द्वारा अपने वाहनों को गली में ही पार्किंग की जा रही है, तो वहीं छोटे मालवाहक वाहन जैसे पिकअप या अन्य वाहन भी उसी गलियों में आवाजाही कर रहे हैं। उनकी लापरवाही के चलते पैदल व मोटरसाइकिल में आवाजाही करने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न मोहल्लों को सदर रोड सहित शहर के अन्य मुख्य मार्गो को जोड़ने वाली सड़को में चारपहिया वाहन मालिकों की मनमानी लगातार सामने आ रही है। शहर के सदर रोड से महावीर स्कूल होते हुए पाण्डेपारा व हीरापुर तक जाने वाले इस मार्ग में दर्जन भर से अधिक चारपहिया वाहन सड़क को घेरे हुए खड़ी रहती है, जिसके चलते अन्य वाहनों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। बाइक सवारों की लंबी कतार लग जाती है। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे मनमानी करने वाले व लापरवाही बरतने वालो पर किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रहा रही है, जिसका परिणाम आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## मांग : सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने निकाली रैली, किया प्रदर्शन

# कोटे पर कोटा वाला आरक्षण मंजूर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर नगर में भारत बंद के तहत नगर बंद पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान छिटपुट दुकानें ही खुली थीं। इस दौरान नगर में सर्व छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा रैली व धरना प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया।

नगर के गोंडवाना भवन के पास से शुरू विशाल रैली में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर भी सम्मिलित हुईं। रैली नगर के नए बस स्टैंड से होते हुए पुराने नगर पंचायत चौक, पुराने अस्पताल चौक, मुख्य मार्ग विवेकानंद चौक, पुराने बस स्टैंड व विभिन्न मार्गो से होते हुए बाजार चौक से नए बस स्टैंड पर सभा के रूप में परिणित हुई। वहां उपस्थित सर्व एस टी एस सी ओबीसी व अल्पसंख्यक संघ के पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातें रखी। गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष व प्रवक्ता प्रेम कुंजाम ने कहा कि कोटे पर कोटा वाला आरक्षण मंजूर नहीं है। एस सी एस टी ओबीसी को संविधान के तहत मिलने वाले अधिकार को लेकर ही रहेंगे।इस हेतु उन्होंने एकजुटता का आह्वान किया।गैंदसिंह ठाकुर व बिशनाथ गोटा ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।नवाब जिलानी ने कहा कि संविधान में प्राप्त अधिकारों के प्रति किसी भी तरह से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दिलीप मेश्राम,संगीता वैदे,रत्ना मेश्राम ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान का निर्माण किया व वंचित लोगों को उनका हक दिलाया था अब उस अधिकारों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है जो मंजूर नहीं है।श्याम सिंह नेताम,सुरेश कोरेटी,महेश कोरेटी ने सभी से एकजुटता का आह्वान किया व कोटे पर कोटा के लिए डटकर विरोध दर्ज कराने की बात कही गई।टीकम बढ़ाई, जागेश्वर दर्रो, कुशल मण्डावी, मुरारी प्रजापति, भूषण चुनारकर, डुलन ठाकुर, बिमला कोरेटी आदि ने भी संबोधित किया।इस दौरान क्षेत्र से हजारों की संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।




### विधायक कुंवरसिंह ने केंद्र को बताया जिम्मेदार



**गुण्डरदेही।** सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण में कोटा के अंदर कोटा एवं उसमे भी क्रीमीलेयर लागू करने के विरोध में बुधवार को अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़ा वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में भारत बंद के समर्थन में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। जहां अर्जुन्दा एवं गुण्डरदेही में बंद का समर्थन किया गया। बंद को नगर के व्यावसायियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। सर्व समाज के लोगों ने रैली निकालकर फैसले के विरोध में नारे लगाए व सविधान संशोधन कर पुनः आरक्षण को यथावत लागू करने की बात कही। इधर विधायक निषाद ने केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। रैली में सर्व समाज के पदाधिकारी व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम गुण्डरदेही अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### आरक्षण मामले में विरोध करने सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**डौंडी।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण में कोटे के अंदर कोटा उप वर्गीकरण कर क्रीमी लेयर निर्धारित करने के विरोध में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग समाज के लोग संयुक्त रूप से इकट्ठा होकर डौंडी ब्लॉक में मथाई चौक के पास लगभग 15000 लोग इकट्ठा होकर पहले बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली मथाई चौक से होकर खैरवही पहुँच कर बाबा साहेब भीमराव डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करने पश्चात डौंडी मथाई चौक से रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड होते हुए डौंडी नगर को भ्रमण करते हुए सभा स्थल मथाई चौक पर इकट्ठी हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण के सबंध में निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की गई। सभा को समाज प्रमुखों व्दारा संबोधित किया किया गया। सभी ने कहा कि संसद द्वारा फैसले को जब तक नहीं कर दिया जाता, तब तक आगे भी आंदोलन चलता रहेगा। आगे के आंदोलन के लिए सभी को तैयार रहने के लिए कहा गया। समाज प्रमुखों में मुख्य रूप से गंगाराम दर्रो संरक्षक गोंडवाना समाज मोहन हिडको अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज आत्माराम कौड़ो ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना समाज डौंडी भोलाराम नेताम जिला उपाध्यक्ष गोंडवाना समाज जिला बालोद रेवाराम रावटे उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज रोहित महला युवा अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सुन्हेर कोसमा महासचिव सर्व आदिवासी समाज खोरबाहरा राम गांवर अध्यक्ष हल्बा समाज संजय नंदा, तुलसीराम राम मरकाम सर्कल अध्यक्ष चिखलाकसा मिथिलेश नुरुटी जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। हरमीत लेनपांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभा के अंत में एचआर नायक तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी, वाणिज्य विभाग में एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर का दीक्षारम्भ कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति में सुचारू रूप से संचालित हुआ। स्नातकोतर दीक्षारम्भ कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत से किया गया। फिर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को बतलाया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ तापस मुख़र्जी ने आज के समय में पढने के कौशल पर सभी विद्यार्थियों को ध्यान देने को कहा। डॉ आशा दीवान वरिष्ठ प्राध्यापिका ने अनुशासन के महत्व को बताया और इसको जीवन में सम्मिलित करने की हिदायत दी और भविष्य में सभी सफलताओं की कुंजी के रूप में बतलाया। डॉ अमरनाथ शर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक समाजशास्त्र ने विद्यार्थी को समग्र विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक विकास को अति आवश्यक बतलाया। डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने एम.कॉम कार्यक्रम की विशेषता बतलाते हुए कहा कि एम.कॉम की पढाई के साथ साथ प्रेजेंटेशन कौशल पर भी विशेष ध्यान विद्यार्थी देवें, पढाई पढने के लिए नहीं बल्कि पढ़ाने के उद्देश्य के साथ करें जिससे आने वाले प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयारी सही दिशा में हो सके। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ आशुतोष ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनील देवांगन ने दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अन्नपूर्णा महतो, सुरेन्द्र मेहर, डॉ संगीता शर्मा, कविता ठाकुर, भागवत कुर्रे, मोहित वर्मा, अतिथि प्राध्यापक डॉ. भारती साहू, डॉ नुसरत जहाँ उपस्थिति थे।

## शासकीय विद्यालय अर्जुंदा के छात्र यश ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

भारत सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से राष्ट्रपति द्वारा भेट मुलाकात कर रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम रखा गया, जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों से विद्यार्थियो को आमंत्रित किया गया। इसके तहत बालोद जिला से शासकीय आदर्श भारती उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा के कक्षा नवमी के छात्र यश कुमार साहू पिता टीकाराम साहू, व्याख्याता अंग्रेजी किरण बाला ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की। यश कुमार साहू द्वारा भाई बहन के प्रेम की प्रतीक रक्षाबंधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन मनाया। इसके साथ ही दूसरे दिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए दिल्ली भ्रमण का आयोजन रखा गया। इसके तहत लाल किला, राजघाट, कुतुबमीनार, कमल मंदिर इस्कॉन मंदिर, जामा मस्जिद आदि का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया गया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य नीलम कौर एवं विद्यालय परिवार ने यश के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

### सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर भाजपा की बैठक आज

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद की बैठक 22 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 जिला कार्यालय जुंगेरा बालोद में रखी गई है। इस बैठक को लेने विशेष रूप से बैठक प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा एवं जिला अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहेंगे, साथ ही बालोद जिले के सभी वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न होगी।

### चर्चित आरक्षक की जमकर पिटाई

**भिलाई।** रंगदारी की वसूली में पहुंचे एक आरक्षक को गुंडे बदमाश के गुर्गे द्वारा जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 324 (4), 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि गली नंबर 6 वार्ड नंबर 23 दीपक नगर दुर्ग निवासी पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक राजीव रंजन सिंह अपने राखी बंधवाकर भिलाई से अपने घर लौट रहा था। आरक्षक ने अपनी पत्नी को घर छोडकर पुलिस लाईन संध्या गणना दिलाने के लिए अपनी वाहन सीजी 07 सीपी 5128 से मालवीय नगर चौक होते जा रहा था। इस दौरान कार के सामने संजय बिहारी अपनी एक्टीवा में कुत्ता लेकर जा रहा था। संजय बिहारी घूर-घूर कर देख रहा था। होटल फोर सीजन के सामने खडा होकर संजय बिहारी आरक्षक राजीव रंजन सिंह को गाली गलौज करना शुरु कर दिया। संजय बिहारी आरक्षक को जान से मारने की धमकी देकर बोला कि वापस आ गया हूं।

## नपं अध्यक्ष हीरा की टिप्पणी से जैन समाज आहत, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ के डोंगरगांव में दुकानों को बंद कराने, जैन समाज के व्यापारियों के साथ हुए अभद्रता एवं जैन समाज के मंदिरों तथा दुकानों के सामने मुर्गा एवं बकरा काटने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद पर कड़ी कार्रवाई की मांग बालोद जैन श्री संघ ने की है। जैन श्री संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का वातावरण शांत और सौहार्द्रपूर्ण है। यहां सभी एक दूसरे के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे प्रदेश में कुछ असामाजिक तत्व के लोग अपने पद के घमंड में किसी अन्य समाज और धर्म पर बिना सोचे समझे टिप्पणी और अभद्रता करते हैं। ऐसे लोगो पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी धर्म सम्प्रदाय या पूजा स्थान को लेकर किसी तरह की कोई टिप्पणी करने से पहले सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष की हरकत पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

हीरा निषाद की टिप्पणी पर जैन श्री संघ के वरिष्ठ सदस्य खेतमल श्रीश्रीमाल भिखमचन्द सांखला, कंवरलाल ढ़ेलडिया, शंकरलाल श्रीश्रीमाल, मूलचंद चोपड़ा, कुंदनमल जैन, गुलाबचंद नाहटा, बाबू लाल ढ़ेलडिया, यशवंत जैन, सचिव मोहन नाहटा, सुभाष ढ़ेलडिया, दानमल जैन, मनोहर नाहटा, ताराचंद सांखला, राजेश टाटिया, चेतन ढ़ेलडिया, विनोद जैन, पार्षद सुनील रतनबोहरा, धीरेंद्र बाघमार, देवेन्द्र नाहटा सहित समाज के सभी लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है।

## जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने बुधवार को जिले के सुदूर वनांचल के ग्राम मुल्लेगुड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।



इस दौरान उन्होंने योजना से लाभान्वित हितग्राही लक्ष्मण राम, श्याम सिंह एवं सकुन बाई तथा ग्राम पचांयत मालगांव, हर्राठेमा के अन्य हितग्राहियों के आवासों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण में मटेरियल, राजमिस्त्री, बैंक आदि समस्याओं का त्वरित निराकरण कर आवास निर्माण के कार्य को शतप्रतिशत गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उप संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम बंजारी निवासी कुंती बाई को भी मिला। आज उनके सपनों का पक्का आशियाना मिलने से वे बहुत ही खुश हैं। कुंती बाई ने बताया कि 2022 में अपने पति की मृत्यु पश्चात वे दिहाड़ी मजदूरी के सहारे 02 बच्चों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इसके साथ ही छत युक्त पक्के मकान का निर्माण करना एक सपने जैसा था। वे गांव में एक खपरैल युक्त कच्ची घर में रहती थी परंतु अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ तथा प्रशासन के सहयोग से मेरे अपने सपनों के पक्के आशियाना का निर्माण हुआ। कुंती बाई ने बताया कि उन्हें राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का लाभ प्रतिमाह मिल रहा है। इसके साथ ही शौचालय, नल जल तथा उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस व अन्य योजनाओं का लाभ मिला है।

## धर्म और अहंकार एक साथ नहीं रह सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- महावीर भवन में संत ऋषभ सागरजी का प्रवचन जारी

जीवन में धर्म ग्रंथों का श्रवण हम बहुत करते हैं किंतु उसे जीवन में हम कितना उतार पाते हैं। जिस क्षेत्र में श्रद्धा न हो उस क्षेत्र का ज्ञान भी हृदय में नहीं उतर पाता, गुरु सभी को एक समान ज्ञान देते है किंतु जिसमे गुरु के प्रति श्रद्धा एवं बहुमान का भाव हो उसमे ज्ञान और उसके तत्व आसानी से समझ में आ जाते हैं। संत ऋषभ सागरजी म सा ने महावीर भवन में चल रहे अपने प्रवचन श्रृंखला में उक्ताशय की बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की पात्रता अलग अलग होती है। अपात्र व्यक्ति का ज्ञान भी नुकसानदेह होता है। ज्ञानी व्यक्ति वो होता है जिसका ज्ञान जैसे जैसे बढ़ता है उसमें विनय और विनम्रता बढ़ती जाती है। विनय ही धर्म का मूल है, आज के समय मे विनय की कमी और व्यवहार में कठोरता अधिक दिखाई देती है। जिस तरह प्रकाश और अंधकार एक साथ नही रह सकते उसी तरह धर्म और अहंकार एक साथ नही रह सकते। हममें जितनी पात्रता होती है हम उतना ही ग्रहण कर पाते है। उन्होने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि एक व्यक्ति एक महात्मा के पास ज्ञान प्राप्त करने गया था। महात्मा ने उसे एक पत्थर दिया और कहा कि सब्जी मार्केट में इसे कोई कितने में खरीद सकता है, पूछ कर आने को कहा उसका मूल्य उस मार्केट में कोई 2 रु से अधिक नही आंका, दूसरे दिन उसे सराफा मार्केट में जाने कहा वहां उसका मूल्य 10 हजार रु तक आंका गया। तीसरे दिन जौहरी के यहां भेज वहां उसका मूल्य 10 लाख आंका गया।




हमे चिंतन करना है हम धर्म का परमात्मा के बताए मार्ग का मूल्यांकन 2रु का करने वालो में तो नही। आत्मा के कल्याण के लिए हमारा क्या पुरुषार्थ हो सकता है यह चिंतन करने का समय है यह चातुर्मास, तप, आराधना के माध्यम से अपनी आत्मा की मलिनता जिसमे रागद्वेष क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार जैसे विकार लगे हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

## ग्राम अण्डा बस स्टैण्ड चौक में गतिरोधक बनवाने व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

# तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने ब्रेकर जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



मिनीमाता चौक पुलगांव से ग्राम अण्डा तक फोर लेन सड़क का निर्माण कराया गया है। जिसमें बस स्टैण्ड अण्डा चौक में गतिरोधक नहीं बनाने से दुर्ग से बालोद की ओर तथा बालोद से दुर्ग की ओर आने-जाने वाले वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण सप्ताह में दो-तीन दुर्घटना होते रहता है।

बालोद की ओर से आने वाले वाहन के चालक को डिवाईडर की लम्बाई एवं ऊंचाई ज्यादा होने के कारण अण्डा बस्ती की ओर से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता और तेज रफ्तार होने की वजह से वाहन कन्ट्रोल नहीं होने से दुर्घटना हो जाता है। डिवाईडर बनाते समय लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभाग पाटन को दुर्घटना की आशंका को देखते हुये डिवाईडर की ऊंचाई एवं लम्बाई को कम करने हेतु आस-पास के व्यापारियों द्वारा निवेदन किया गया था, किन्तु उस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया।

सड़क बनाते समय डिवाईडर की ऊंचाई एवं लंबाई को कम किया जाता तो आज जो दुर्घटनाएं हो रही है, वो नहीं होता। समस्त व्यापारीगण बस स्टैण्ड अण्डा द्वारा बस स्टैण्ड चौक में अण्डा बस्ती मार्ग में, निकुम मार्ग में, बालोद से अण्डा मार्ग में बस स्टैण्ड अण्डा के पहले तथा दुर्ग से अण्डा मार्ग में बस स्टैण्ड अण्डा से पहले गति अवरोधक बनवाने हेतु कलेक्टर, जिला दुर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग परिक्षेत्र दुर्ग, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग एवं थाना प्रभारी थाना अण्डा को हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर, सामाजिक कार्यकता, पुकेश चन्द्राकर महामंत्री भाजपा मण्डल उतई, उमादेवी चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अण्डा, अमित चन्द्राकर, आदित्य चन्द्राकर, आकाश चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, राकेश चन्द्राकर, राकेश निर्मलकर, ललित निर्मलकर, अजय साहू, धर्मेन्द्र साहू, सतीश साहूरवि देशमुख, जावेद खान, बंशीलाल चन्द्राकर, मानकलाल राठी, जगदीश तापड़िया, चमन चन्द्राकर, रामगोपाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा आदि द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024,
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
सुविध ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411